राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक: 28.10.2021

आयोग द्वारा **सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2020** का आयोजन दिनांक 22.09.2021 से 09.10.2021 तक राज्य के समस्त संभागीय जिला मुख्यालयों पर एवं **प्रधानाध्यापक, प्रवेशिका विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2021** का आयोजन दिनांक 11.10.2021 को अजमेर जिला मुख्यालय पर किया गया।

उक्त परीक्षाओं हेतु दिनांक 30.10.2021 से 08.11.2021 तक अभ्यर्थी का नाम, परीक्षा केन्द्र, फोटो, हस्ताक्षर एवं विषय के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑनलाईन बैंकिंग के माध्यम से रू. 300/– का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑनलाईन पोर्टल **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध **Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal** का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाईन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षाओं में केवल ऑनलाईन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करें। ऑफलाईन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधामात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तो के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं।

उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर **recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in** पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव